भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं .828
27/07/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

चरम मौसमी घटनाओं के बढ़ते मामले

828 श्री जोस के. मणि :

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास विगत पांच वर्षों के दौरान देश में चरम मौसमी घटनाओं के बढ़ते मामलों के संबंध में आंकड़ें हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा इन चरम मौसमी घटनाओं से जान-माल की रक्षा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(घ) क्या सरकार के पास चरम मौसमी घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए कोई राज्य विशिष्ट योजना है जो देश के प्रत्येक राज्य की विशिष्ट आवश्यकता को पूरा करती है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रिजिजू)

(क) जी हाँ।

(ख) चरम मौसमी घटनाओं का विवरण अनुलग्नक -I में दिया गया है।

(ग) कई अन्य देशों की तरह, भारत भी जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील है। यह चरम मौसम की घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि जिसके कारण देश के कई हिस्से मौसम संबंधी खतरनाक घटनाओं से प्रभावित होते हैं, के साथ परिलक्षित होता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) विभिन्न जलवायु संबंधी जोखिमों के अनुकूलन और शमन के लिए चरम मौसम की घटनाओं की तैयारी के लिए सार्वजनिक और आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के लिए विभिन्न तत्काल पूर्वानुमान/पूर्वानुमान/चेतावनी जारी करता है। चेतावनी जारी करते समय संभावित चरम मौसम के प्रभाव को सामने लाने और आसन्न आपदा मौसम घटना के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में आपदा प्रबंधन को संकेत देने के लिए उपयुक्त रंग कोड का उपयोग किया जाता है। हरा रंग किसी चेतावनी का प्रतीक नहीं है इसलिए किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है, पीला रंग सतर्क रहने और अद्यतन जानकारी प्राप्त करने का संकेत देता है, नारंगी रंग सतर्क रहने और कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने का संकेत देता है जबकि लाल रंग कार्रवाई करने का संकेत देता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने हाल ही में प्रभाव आधारित पूर्वानुमान जारी करना शुरू किया है जो 'मौसम कैसा रहेगा' के स्थान पर 'मौसम का क्या प्रभाव होगा' का विवरण देता है। इसमें विषम मौसम घटनाओं से अपेक्षित प्रभावों का विवरण और आम जनता के लिए चरम मौसम के संपर्क में आने पर क्या करें और क्या न करें, के बारे में दिशानिर्देश शामिल हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने हाल ही में तेरह सबसे खतरनाक मौसम संबंधी घटनाओं के लिए एक वेब आधारित ऑनलाइन "क्लाइमेट हैज़र्ड एंड वल्नरेबिलिटी एटलस ऑफ़ इंडिया" तैयार किया है, जो व्यापक हानि, आर्थिक, मानवीय और पशु हानि का कारण बनता है। इसे https://imdpune.gov.in/hazardatlas/abouthazard.html पर एक्सेस किया जा सकता है। जलवायु जोखिम और सुभेद्यता एटलस राज्य सरकार के अधिकारियों और आपदा प्रबंधन एजेंसियों को विभिन्न चरम मौसम की घटनाओं से निपटने के लिए योजना बनाने और उचित कार्रवाई करने में मदद करेगा। यह उत्पाद जलवायु परिवर्तन के अनुकूल अवसंरचना के निर्माण में उपयोगी है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जनता के उपयोग के लिए 'उमंग' मोबाइल ऐप के साथ अपनी सात सेवाएं (वर्तमान मौसम, नाउकास्ट, शहर पूर्वानुमान, वर्षा सूचना, पर्यटन पूर्वानुमान, चेतावनियां और चक्रवात) लॉन्च की हैं। इसके अलावा, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मौसम पूर्वानुमान के लिए मोबाइल ऐप **'मौसम'**, कृषि मौसम परामर्शिकाओं के प्रसार के लिए **'मेघदूत'** और बिजली गिरने की चेतावनी के लिए **'दामिनी'** एप विकसित किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा चेतावनी के प्रसार के लिए NDMA द्वारा विकसित सामान्य अलर्ट प्रोटोकॉल (सीएपी) को भी लागू किया जा रहा है।

(घ) जी हां।

(ड.) तैयारी के दिशानिर्देशों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) और संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से अंतिम रूप दिया जाता है और चक्रवात, लू, तूफान और भारी वर्षा जैसी चरम मौसम की घटनाओं के लिए पहले से ही सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग तैयारियों और संभावित शमन के लिए पहले से ही पूरे देश में आवश्यक चेतावनियाँ और परामर्शिकाएँ जारी करता है।

अनुलग्नक –I

वर्ष	चक्रवातों की संख्या		दक्षिण पश्चिम मानसून मौसम (जून से सितंबर) के दौरान दर्ज किए गए स्टेशनों की संख्या	
	कुल	गंभीर चक्रवात	बहुत भारी वर्षा	अत्यधिक भारी वर्षा
2018	7	6	2181	321
2019	8	6	3056	554
2020	5	4	1912	341
2021	5	4	1653	281
2022	5	2	1875	296

*****